Viram Khand 5 Committee Election Concludes Peacefully

गोमती नगर विराम खण्ड-5 जनकल्याण समिति का चुनाव संपन्न:डॉ. भरत राज सिंह बने अध्यक्ष; लखनऊ में नई कार्यकारिणी का चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न

अतुल कुमार सिंह | लखनऊ 08 जून 2026

लखनऊ के गोमती नगर स्थित विराम खण्ड-5 जनकल्याण समिति की नई कार्यकारिणी का चुनाव शांतिपूर्ण और सफल माहौल में संपन्न हो गया। चुनाव परिणामों की आधिकारिक घोषणा निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र प्रताप सिंह और पर्यवेक्षक राजेन्द्र प्रसाद ने की। इस दौरान गोमती नगर जनकल्याण महासमिति के सचिव संजय निगम भी मौजूद रहे।

चुनाव में डॉ. भरत राज सिंह को अध्यक्ष चुना गया। वहीं राज नारायण सिंह और विजय कुमार चोपड़ा को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। नित्यानन्द पाण्डेय सचिव, अतुल जौहरी कोषाध्यक्ष और प्रवीण कुमार मिश्र सहायक सचिव निर्वाचित हुए।

इन पदाधिकारियों को मिला जिम्मेदारी

नई कार्यकारिणी में प्रभात श्रीवास्तव को संगठन सचिव, अरुण त्रिवेदी को सांस्कृतिक सचिव और मनोज शर्मा को प्रचार सचिव बनाया गया। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में राकेश श्रीवास्तव और चन्द्रशेखर सिंह का चयन हुआ। इसके अलावा डॉ. आर. पी. शर्मा और आलोक सिंह भदौरिया को मनोनीत सदस्य बनाया गया।

परिणाम घोषित होने के बाद क्षेत्रवासियों और समिति के सदस्यों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत किया और उन्हें बधाई दी। कार्यक्रम में नई टीम से क्षेत्र के विकास और जनहित के कार्यों को आगे बढ़ाने की उम्मीद जताई गई।

पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने का संकल्प

नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. भरत राज सिंह ने सभी सदस्यों और क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो विश्वास और समर्थन मिला है, उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नई कार्यकारिणी क्षेत्र में नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने तथा विकास कार्यों में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करेगी।

---

https://www.bhaskar.com/local/uttar-pradesh/lucknow/news/lucknow-gomti-nagar-viram-khand-5-committee-election-bharat-raj-singh-president-138142324.html?_branch_match_id=1592733311996128846&utm_campaign=138142324&utm_medium=sharing&_branch_referrer=H4sIAAAAAAAAA8soKSkottLXT0nMzMvM1kvKSCzOTizSS87P1U8xLIzMyU409TNOsq8rSk1LLSrKzEuPTyrKLy9OLbJ1ywSK5VcAALuOLVtBAAAA